मूल हिंदी में

भारत सरकार
पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. *295
13.03.2020 को उत्तर के लिए

माधव राष्ट्रीय उद्यान

***295. श्री कृष्ण पाल सिंह यादव :**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में माधव राष्ट्रीय उद्यान विकसित करने तथा इस उद्यान में बाघ सफारी परियोजना दोबारा आरंभ करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) उक्त परियोजना को कब तक आरंभ किये जाने की संभावना है?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री
(श्री प्रकाश जावड़ेकर)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

‘माधव राष्ट्रीय उद्यान’ के संबंध में दिनांक 13.03.2020 को श्री कृष्ण पाल सिंह यादव द्वारा पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *295 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के केंद्रीय प्रायोजित स्कीम - ‘वन्यजीव पर्यावासों का विकास’ के तहत देश में संरक्षित क्षेत्रों के लिए निधियां प्रदान करता है। तदनुसार, वर्ष 2019-2020 के दौरान इस स्कीम के तहत मध्य प्रदेश में माधव राष्ट्रीय उद्यान के लिए 100.44 लाख रुपए की धनराशि मंजूर की गई है।

इसके अतिरिक्त, इस मंत्रालय को मध्य प्रदेश राज्य सरकार से माधव राष्ट्रीय उद्यान में बाघ सफारी परियोजना को दोबारा आरंभ करने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****